दिल्ली विकास प्राधिकरण

रिक्ति परिपत्र सं. 5/पीबी–1/दि.वि.प्रा./2020–21

विषयः दि.वि.प्रा. में प्रतिनियुक्ति आधार पर आयुक्त (प्रणाली) (7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल–13) के 01 पद को भरने हेतु।

दिल्ली विकास प्राधिकरण प्रतिनियुक्ति आधार पर 7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल–13 में आयुक्त (प्रणाली) के 01 पद को भरने के लिए केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/स्वायत्त निकाय/एनआईसी में कार्यरत पात्र अधिकारियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है।

आयुक्त (प्रणाली) के पद हेतु पात्रता मापदंड

निम्नलिखित योग्यता मापदंड पूरा करने वाले केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/स्वायत्त निकाय/एनआईसी में कार्यरत वह अधिकारी जिन्होंनेः

क) (1) मूल विभाग में समान पद धारण किया हो। **या**

(2) पीबी–3 अर्थात् रु. 7600/– ग्रेड वेतन के साथ रु. 15600–39100 में मूल विभाग में 5 वर्षों की नियमित सेवा की हो।

ख) सूचना प्रणाली के प्रबंधन में न्यूनतम 2 वर्षों के अनुभव के साथ सिस्टम एनालाइसिस, डिजाइन, सॉफ्टवेयर विकास और सूचना कार्यान्वयन तथा नेटवर्क प्रशासन के क्षेत्र में न्यूनतम 15 वर्षों का अनुभव हो।

ग) निम्नलिखित धारण किया होः

1) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या इंजीनियरिंग कॉलेज/संस्थान से कम्प्यूटर साइंस/सूचना प्रौद्योगिकी/कम्प्यूटर इंजी./इलेक्ट्रॉनिक्स में इंजी. डिग्री **या**

2) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज/संस्थान से कम्प्यूटर साइंस/कम्प्यूटर एप्लीकेशन में मास्टर डिग्री।

सभी दृष्टियों से पूर्ण आवेदन **आयुक्त (कार्मिक), दिल्ली विकास प्राधिकरण, ई–1, भूतल, विकास सदन, नई दिल्ली–110023** के पास **12.10.2020** तक या उससे पूर्व पहुंच जाने चाहिए। अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें निरस्त कर दिया जाएगा।

योग्यता मापदंड, नियम एवं शर्तें तथा आवेदन प्रारूप आदि से संबंधित पूर्ण विवरणों के लिए कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट **www.dda.org.in** पर लिंक **''जॉब्स''** को देखें।

(राजीव गांधी)
आयुक्त (कार्मिक)

कृपया Google play के DDA ऐप्स पर अपना फीडबैक दें।

कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.org.in देखें या टोल फ्री नं. 1800110332 पर डायल करें